**International Double Blind Peer Reviewed, Refereed , Indexed , Multilingual-Multidisciplinary-High Impact Factor-Monthly-Research Journal Related to Higher Education For all Subject**

**ISSN 0974-2832 (Print), E-ISSN- 2320-5474,RNI RAJBIL 2009/29954**

# SHODH, SAMIKSHA AUR MULYANKAN

**MARCH , 2022**

**Vol-1, ISSUE-03**

**IMPACT FACTOR- 6.115 (SJIF)**

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

**Editor in Chief**

***Dr. Krishan Bir Singh***

**www.ugcjournal.com**

**Editor's Office**
**A- 215, Moti Nagar,**
**Street No.7**
**Queens Road**
**Jaipur- 302021, Rajasthan,**
**India**

**E-Mail:**
**www.ugcjournal@gmail.com**

**professor.kbsingh@gmail.com**

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

**मुख्य सम्पादक – डॉ. कृष्णबीर सिंह का मानद पद कार्य पूर्णतः अवैतनिक है।**

इस शोध पत्रिका के प्रकाशन, सम्पादन मुद्रण में पूर्णतः सावधानी बरती गई है। किसी भी प्रकार की त्रुटि महज मानवीय भूल मानी जाये।

शोध पत्र की समस्त जिम्मेदारी शोधपत्र लेखक की होगी।उक्त जर्नल में प्रकाशन हेतु भेजे गए पेपर सामग्री का सम्पूर्ण नैतिक दायित्व पेपर लेखक का होगा। मुख्य संपादक ,प्रकाशक ,मुद्रक , पिअर रिविव्यु मंडल जिम्मेदार नहीं होगा। लेखकों से अनुरोध है किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी न करें।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर ही होगा।**

1. Editing of the research journal is processed without any remittance. **The selection and publication is done after recommendation of Peer Reviewed Team, Refereed and subject expert Team.**
2. Thoughts, language vision and example in published research paper are entirely of author of research paper. It is not necessary that both editor and editorial board are satisfied by the research paper. **The responsibility of the matter of research paper is entirely of author.**
3. Along with research paper it is compulsory to sent Membership form and copyright form. Both form can be downloaded from website i.e. **www.ugcjournal.com**
4. In any Condition if any National/International university denies to accept the research paper published in the journal then it is not the responsibility of Editor, Publisher and Manangement.
5. Before re-use of published research paper in any manner, it is compulsory to take written acceptance from Chief Editor unless it will be assumed as disobedience of copyright rules.
In case of plagiarism, the entire moral responsibility of the paper material will rest with the author only.
6. **The entire moral responsibility of the paper material sent for publication in the said journal will be that of the paper author. Chief Editor, Publisher, Printer, Peer Review and Refereed Board will not be responsible.**

**Authors are requested not to do any kind of plagiarism**

7. All the legal undertaking related to this research journal are subjected to be hearable at jaipur jurisdiction only.

# EDITORIAL BOARD


## Patron

**Prof. Kala Nath Shastri**

***(Rashtrapati Puraskar" For His Contribution To Sanskrit)***

**Prof. Dr. Alireza Heidari**

***Full Professor And Academic Tenure, USA***

## Chief Editor

**Dr. Krishan Bir Singh**

## International Advisory Board

Aaeid M. S. Ayoub

***Geotechnical Environmental Engineering***

Uqbah bin Muhammad Iqbal

***Postgraduate Researcher***

Badreldin Mohamed Ahmed Abdulrahman

***Associate Professor***

Dr. Alexander N. LUKIN

***Principal Research Scientist & Executive Director***

Dr. U. C. Shukla

***Chief Librarian and Assistant Professor***

Dr. Abd El-Aleem Saad Soliman Desoky

***Professor Assistant***

Prof. Ubaldo Comite

***Lecturer***

Moustafa Mohamed Sabry Bakry

Dr Sajid Mahmood

Shameemul Haque

## Associate Chief Editor

Ravindrajeet Kaur Arora

S. Bal Murgan

Dr. Sandeep Nadkarni

Dr. A Karnan

Dr. S.R. Boselin Prabhu

Deepika Vodnala

Dr. Kshitij Shinghal

Christo Ananth

Gopinath Palai

Dr. Neeta Gupta

Dr. Vinita Shukla

Harold Jan R. Terano

Dr Sajid Mahmood

Dr Pavan Mishra

## Editor

Dr.H.B.Rathod

Dr. Dharamender Singh Chauhan,UOR,Jaipur

Dr.Govind Nath Chaudhary-Sanskrit- Bhagalpur

Dr.Naveen Gautam

Dr. Mohini Mehrotra

Dr. Arvind Vikram Singh

Dr. Suresh Singh Rathore

Dr.Kishori Bhagat

Dr.Murari Lal Dayma

Kamalnayan. B. Parmar

Dr.Deepak Sharma

Dr.Sanjay B Gore

Dr. A.karnan

Dr.Amita Verma

Dr . Ity Patni

Dr. Somya Choubey

Dr.Surinder Singh

Dr. Manoj S. Shekhawat,

Dr. Anshul Sharma

Dr. Ramesh Kumar Tandan

S N Joshi

Dr. Sant Ram Vaish

Bindu Chauhan

Dr. Vinod Sen

Dr. Sushila Kumari

Dr Indrani Singh Rai

Dr Abhishek Tiwari

Prof.S.K.Meena

Prof.Praveen Goswami

G Raghavendra Prasad


SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

Dr. Dnyaneshwar Jadhav
Akshey Bhargava
Dr. A. Dinesh Kumar
Dr. Pintu Kumar Maji
Dr Hanan Elzeblawy Hassan
Sandeep Kumar Kar
Dr.R.devi Priya
Dr.P.Thirunavukarasu
Dr. Srijit Biswas
Parul Agarwal
Dr. Preeti Patel
Archana More
Dr. Harish N
Dr. Seema Singh
Dr. Ram Singh Bhati
Dr. Pankaj Gupta
Dr Arvind Sharma
Dr. Ramesh Chandra Pathak
Dr. Ankush Gautam
Dr Markandey Dixit
Dr. Manoj Kumar
Ratko Pavlovi, Phd
Dr.S.Mohan
Dr Ramachandra C G
Dr.Sivakumar Somasundaram
Dr. Sanjeev Kumar
Dr. Padma S Rao
Dr Munish Singh Rana
Dr. Piyush Mani Maurya

## Associate Editor

Dr. Yudhvir Redhu
Dr.Kiran B.R
Dr Richard Remedios
Dr. R Arul
Anand Nayyar
Dr . Ekhlaque Ahmad
Dr. Snehangsu Sinha
Dr Niraj Kumar Singh
Sandeep Kataria
Dr Abhishek Shukla
Somesh Kumar Dewangan
Amarendra Kumar Srivastav
Dr K Jayalakshmi
Dilip Kumar Jha

## Assistant Editor

Jasvir Singh
Dr.pintu Kumar Maji
Dr. Soumya Mukherjee
Prof Ajay Gadicha
Ashutosh Tiwari
Gyanendra Pratap Singh
Jitendra Singh Goyal
Ashish Jaiswal
Hiten Barman
Dr. Priti Bala Sharma

## Subject Expert

Dr. Jitendra Arolia
Dr. Suresh Singh Rathore
Dr.kishori Bhagat
Dr Mrs Vini Sharma
Ranjan Sarkar
Chiranji Lal Parihar
Dr. Lalit Kumar Sharma
Dr Amit Kumar
Santosh Kumar Jha
Dr . Ekhlaque Ahmad
Naveen Kumar Kakumanu
Dr. Chitra Tanwar
Jyotir Moy Chatterjee
Somesh Kumar Dewangan
Raffi Mohammed
Dr. Sunita Arya
Dr. Ram Singh Bhati
Dr. Janak Singh Meena
Dr. Neha Kalyani

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

Dr. Rajeev Nayan Singh
Dr. Pankaj Rathore
Dr. Mahendra Parihar
Pradip Kumar Mukhopadhyay
Dr Vijay Gaikwad

## Research Paper Reviewer

Dr. B H Kirdak
Amit Tiwari
Dr Dheeraj Negi
Dr. Meeta Shukla
Dr. Ranjana Rawat
Sonia Rathi
Dr. Anand Kumar
Dr. Pardeep Sharma
Anil Kumar
Dr. Deepa Dattatray Kuchekar
Dr Ade Santosh Ramchandra

## Guest Editor

Dr. Lalit Kumar Sharma
Dr. Falguni S. Vansia

## Chief Advisory Board

Ashok Kumar Nagarajan

## Advisory Board

Dr. Naveen Kumar
Manoj Singh Shekhawat
Pranit Maruti Patil
Vishnu Narayan Mishra

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

International Level Double Blind Peer Reviewed, Refereed, Indexed Research Journal, ISSN(Print)-0974-2832, E-ISSN-2320-5474,RNI-RAJBIL-2009/29954, Impact Factor-6.115(SJIF), March -2022,Vol-I, Issue-03

*Research Paper -Hindi*

# निराला के गद्य साहित्य में राष्ट्रीय चेतना

डा. अंजू सिहारे

विभागाध्यक्ष (सहायक प्राध्यापक) हिन्दी शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी

## सामान्य सारांश

निराला जी ने अपने गद्य–साहित्य में, सैद्धांतिक राजनीति और व्यावहारिक राजनीति – दोंनों से संबधित विचारों को प्रस्तुत किया है उन्होंने भारत को एक राष्ट्र मानकर, अंग्रेजों के इस कूटनीतिज्ञ विचार कि ''भारत अनेक राष्ट्रों का समूह है, यहाँ अनेक जातियाँ अनेक समाज, अनेक भाषाएँ हैं''– का खण्डन किया है। प्राचीन भारत ने, एक सूत्र में बँधकर, सर्वतोंमुखी विकास किया था। इस देश में सभी सुख और दुःख में, एक साथ रहकर, काम करते थे, राम, कृष्ण बुद्व, रामानुज, कबीर तुलसी आदि महापुरूष वैष्णव, शाक्त आदि सम्प्रदाय, प्रादेशिक सीमाओं को लाँघकर, सम्पूर्ण देश में फैले हुए थे। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने इसी विचार को आत्मसात कर स्वजागरण की अलख जगाई। वे लिखते हैं– भारत को, यदि अपना पूर्व, गौरव प्राप्त करना है, अपना अस्तित्व बनाये रखना है, अन्य सभ्यताओं के मुकाबले खड़े होकर, अपना मस्तक ऊँचा रखना है, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना है, तो सम्पूर्ण देश को राष्ट्रीयता के पाश में बँधना पड़ेगा।

मुख्य शब्द – स्वजागरण, 'बंगभंग– आन्दोलन, लाल–बाल–पाल, असहयोग आंदोलन, लार्ड इरविन, साइमन कमीशन, यतीन्द्रनाथ दास, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, चोटी की पकड, अप्सरा, भारतीय–एकता, भैया'।

भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन की समयावधि सन् 1885 से 1947 है। निराला के जीवन का विकासकाल भी यही (सन् 1889 से 1961) है। अतः चेतनशील साहित्यकार निराला पर, राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव पड़ना तो स्वाभाविक ही था। निराला ने बाल्यकाल में 'बंगभंग– आन्दोलन' (सन्–1905) को अपनी आँखों से देखा था। जिसने ब्रिटिश सत्ता को हिला दिया था और अन्त में उन्हें बंगाल–विभाजन रद्द करना पड़ा था। सन् 1906 से 1920 तक, लाल–बाल–पाल की उग्रवादी राजनीति की तीखे तेवर देख, उन वीर युवकों की कहानियाँ पढ़ी थी, जिन्होंने सशस्त्र क्रांति के द्वारा, भारत को स्वतंत्र कराने के लिए, अपना प्राणोत्सर्ग किया था। सन् 1920 से 1930 तक, गांधी जी के असहयोग आंदोलन का नया उभार तथा ब्रिटिश सता के दमन चक्र की भीषणताओं का अनुभव किया था। इस सबसे उनका हृदय व्यथित हो गया था।[2]

निराला की राजनीतिक अन्तदृष्टि एंव दूरदर्शिता गजब की थी। 31 अक्टूबर 1929 को लार्ड इरविन ने अपनी घोषणा में भारत को औपनिवेशिक स्वराज्य का आश्वासन दिया था। निराला ने घोषणा में निहित, अंग्रेजों की छल–कपट–पूर्ण–नीति का सम्यक, विश्लेषण किया था, जो भविष्य में चलकर अक्षरशः सत्य सिद्व हुई। निराला ने लिखा था ''बड़े लाट साहब में ब्रिटिश गवर्नमेंट की तरफ से, भारत के राजनीतिक अधिकारों की कोई घोषणा नहीं है, बल्कि वह एक चाल सी है। वह यह है कि घोषणा के बहाने, अनेक राजनीतिक दलों को मिलाकर, मतभेद करा दिया जाये, बम्बई के जिन्ना और जयकर की घोषणा से यह सन्देह प्रबल हो गया है।

हमारे देश में, ऐसे दलवालों की कमी नहीं, जो कृपादृष्टि के भिक्षुक हैं, जरा–सी मुसकिराहट पाने पर ही, कुत्ते की तरह पिघलकर, दुम हिलाने लगते और उसे ही, अपने ही दिल में स्वराज्य सुख समझते हैं। यह अधिकारियों

को भी अच्छी तरह मालूम है और इन्हीं विभीषणों की फूट से, वे राजनीतिक विभीषिकाओं की सृष्टि कर डालते है। बड़े लाट की घोषणा में न तो श्रमिक दलों की नीति के परिवर्तन पर कुछ है और न शीघ्र औपनिवेशिक स्वाधिकार–शासन देने की कोई बात। यहाँ साइमन कमीशन को सार्वभौमिक असफलता ही मिली थी। बडे लाट साहब का नेताओं को बुलाकर एकत्र करना, अंग्रेजों की प्राचीन चालबाजी का जौहर दिखाना ही हो सकता है।''[3]

सन् 1930 में जब कोई भी व्यक्ति–राजनीतिक नेता, राजनीतिक दल, प्रेस मीडिया–खुलकर अंग्रेजी शासन का विरोध नहीं कर सकता था, उस समय भी निराला ने, पत्रकारिता के माध्यम से अंग्रेजी शासन का तीव्र भाषा में विरोध किया था– ''यदि सरकार, देश के इस बड़े हुए क्षोभ और असंतोष को रोकना चाहती है, तो उसे शीघ्र से शीघ्र अपने निश्चय की घोषणा करनी चाहिए। अहिंसात्मक क्रान्ति के लिए, बिलकुल तैयार देश की युवक शक्ति के बढ़े हुए जोश और उत्साह और जोश की भंयकर बाढ का सामना करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उसे याद रखना चाहिए कि कमजोर बाँध से रोका हुआ वेगवान सिन्धु नदी का उत्ताल प्रवाह, एकदम अदम्य और विनाशकारी हो जाता है। यह फिर छोटे–छोटे बन्धनों की परवाह नहीं करता। सरकार, यदि भारत की आशाओं पर, हरताल पोतने वाला, निश्चय करेगी, तो भारत के नये राष्ट्रपति (काँग्रेस अध्यक्ष) युवक सम्राट जवाहरलाल नेहरू तथा स्वाधीनता के दीवाने अन्य युवक के नेतृत्व में सरकार द्वारा बहायी हुई निशस्त्र भारतीय युवकों के खून की नदियों, जेल की दीवारों और सरकार के अत्याचार के सब जंगली साधनों को पार करके, वह अपने लक्ष्य की ओर बढता ही जावेगा।''[4]

निराला ने ब्रिटिश शासन के सुधारों का विरोध कर, पूर्ण स्वाधीनता की मांग की थी अंग्रेजों की दमन नीति की बर्बरता का चित्रण कर, जनता को संघर्ष के लिए प्रेरित किया था अंग्रेजों ने अहिंसक क्रांतिकारी पर डण्डे बरसाये, किसानों और मजदूरों का संगठन करने वाले कम्युनिस्ट नेताओं को कठिन कारावास की सजा दी तथा क्रान्तिकारियों को फाँसी दी ब्रिटिश अन्याय के विरूद्ध यतीन्द्रनाथ दास ने अनशन करते हुए जब जेल में प्राण त्याग दिये थे, तब निराला ने लिखा था– ''भारत वर्ष में जितना सहना था, सह लिया। वह समय निकल गया, जब खिलौना पाकर भारत बहल जाता था। देश समझा गया है कि हाथ पर हाथ धरकर बैठने से काम न चलेगा। भारत में एक नई लहर पैदा हो गई है। नवयुवकों ने रणभेरी बजा दी है।''[5] निराला के इसी राजनीतिक प्रयास को केन्द्र में रखते हुए डॉ. रामविलास शर्मा ने भी लिखा है ''दमन और सुधारों की दोहरी नीति लागू करने के साथ–साथ अंग्रेज साम्प्रदायिक भेदभाव बढ़ाकर, स्वाधीनता आंदोलन को कमजोर करने का प्रयत्न करते थे। हिन्दुओं और मुसलमानों में भी फूट डाल रहे थे। निराला ने साम्राज्यवाद की इस भेद नीति का विरोध किया। कांग्रेस तथा महात्मा गांधी द्वारा किए जा रहे अछूतोद्धार का समर्थन कर, मानवता के आधार पर निम्न जातियों को संगठित करने के उपाय बतलाए।[6]

इसके अतिरिक्त निराला जी ने अपने कथा साहित्य को भी अपने राष्ट्रीय जागरण संबंधी विचारों को प्रसारित करने का माध्यम बनाया।

निराला ने 'चोटी की पकड़' उपन्यास में 'बंगभंग–आंदोलन' का चित्रण कर, अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति का पर्दाफाश किया है। 'चतुरी चमार' कहानी में स्वतंत्रता आन्दोलन तथा स्वदेशी आंदोलन का चित्रण किया है। बंग–भंग आंदोलन तथा स्वतंत्रता आंदोलन में राजा और जमींदारों द्वारा, सहयोग देने का कारण, निराला ने, उनके स्वार्थों का निहितार्थ बताया है।[7]

स्वतंत्रता आंदोलन में मुस्लिम लीग परस्त नेताओं ने अंग्रेजों का साथ दिया था। इसका प्रमुख कारण, अंग्रेजों का हिन्दू और मुसलमानों में फूट डालने की कूटनीति तथा गौण कारण, स्वतंत्र भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानों का, बहुसंख्यक हिन्दुओं द्वारा दमन का काल्पनिक भय था। इस तथ्य को 'चोटी की पकड़' उपन्यास में, थानेदार युसुफ छद्मवेश नसीम से कहता है ''आजकल जमींदारों और कुछ हिन्दुओं ने सरकार के खिलाफ गुटबंदी की है, जिस जमींदार से आपके ताल्लुकात हैं। उस पर सरकार को शुभा है। इसका भेद मालूम होना चाहिए। इससे सरकार की मदद भी होगी और कौम की खिदमत भी।

सरकार की मदद इस तरह कि आपके जरिये दुश्मन का राज सरकार को मिलेगा और कौम की खिदमत इस तरह कि सुदेशी का बाबेला, जो हिन्दुओं ने मचा रक्खा है, यह जड़ से उखड़ जायेगा। मुसलमान रैयत को फायदे के बदले नुकसान है, अगर हिन्दुओं को कामयाबी हुई। सरकार ने बंगाल के दो हिस्से इस उसूल से किये है कि मुसलमान रैयत को तकलीफ है, मौरूसी बंदोबस्त वाली हर सदी जमीनों पर हिन्दुओं का दखल है, यह आगे चलकर न रहेगा। इससे मुसलमानों की रोटियों का सवाल हल होता है।''[8]

राजनीतिक संकट के लिए उस समय की सामंती व्यवस्था–राजा, जागीरदार, जमींदार आदि भी दोषी थे। निराला ने राजा, जागीरदारों के अत्याचारों, नृशंसताओं, शोषण–प्रवृतियों

तथा विलासताओं को, अपनी आँखों से देखा था। इनके अत्याचारों के लिए भी वे अंग्रेजों को ही दोषी मानते थे। भारत में सामंती व्यवस्था अंग्रेजी शासन के पूर्व भी थी, किन्तु उस समय, धार्मिक अनुशासन के कारण, राजा इतना अत्याचार नहीं करते थे। सन् 1929 में पटियाला राज्य में, प्रजा का बर्बर अत्याचारों का समाचार सुनकर, निराला की विद्रोही भावना भड़क उठी, उन्होंने 'सुधा' पत्रिका में लिखा था– ''सभ्यता, और न्याय का ढोंग रचने वाली ब्रिटिश सरकार, यदि अपने हिमायती दुष्ट, व्यभिचारी, देशी नरेशों की विलासिता अत्याचारों को इस प्रकार छिपाने का प्रयास करेगी, यदि वह उनकी इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए निरीह और निर्बल प्रजा का इस प्रकार बलिदान करेगी, न्याय का गला, इस प्रकार घोटेगी, तो शीघ्र ही उसे, सभ्य जातियों के सामने मुँह काला करना पडेगा। उसे इन पापों का शीघ्र ही दण्ड मिलेगा।''[9]

अंग्रेजों के संरक्षण में, देशी राजाओं द्वारा किये गये अत्याचारों एंव क्रूरताओं का वर्णन करते हुए निराला ने लिखा है– ''केवल एक दृष्टि रहती है कि सरकार प्रसन्न रहे। दूसरों की महिलाएँ छीन ली गई, अत्याचार पर अत्याचार हुए, लगान पर लगान बढ़ा, प्रजा से जरा–सी आवाज, कृपा के लिए उठाई, तो गाँव फूँक दिया गया।[10]

महिषादल में रहते समय निराला ने राजा के कर्मचारियों द्वारा लाठी के गूले से गरीब पुजारी, की उगँलियों को कुचलते हुए स्वंय देखा था। इसी घटना को उन्होंने 'राजा साहब को ठेंगा दिखाया' कहानी का कथानक बनया है। भूखा, प्यासा, विशंभर पुजारी, जब राजा साहब को संकेतात्मक भाषा में अपनी व्यथा व्यक्त करता है, तो राजा साहब अपना इसे अपमान समझकर, उसे सिपाहियों द्वारा पिटवाते है, विशंभर घायल हो जाता है। इसी प्रकार 'हिरनी कहानी में अनाथ बालिका हिरनी को रानी साहिबा नृशंसता के साथ पिटवाती है, नौकर उसका झोंटा पड़कर घसीटते है। निराला ने अपने कथा साहित्य में राजा–महाराजाओं के कदाचारों एंव कुत्सित व्यवहारों का भी वर्णन किया है।

'अप्सरा' उपन्यास में कुँवर प्रतापसिंह गंधर्व कुमारिका 'कनक' के साथ यौन संबंध स्थापित करने के लिए कुत्सित प्रयास करते है। 'अलका' उपन्यास में जमींदार मुरलीधर दुखी शोभा को अपनी काम–वासना का शिकार बनाना चाहते है। 'चोटी की पकड़' उपन्यास में निराला ने राजा तथा जमींदारों के काले कारनामों का यथार्थ चित्रण करते हुए लिखा है ''सारे राज्य में उसके खास आदमियों का जाल फैला रहता है। वह और उसके कर्मचारी दुष्चरित्र होते है, लोभी, निकम्मे, दगाबाज। फैले हुए आदमी प्रजाननों की सुन्दर बहु–बेटियों, विरोधी कार्यवाहियों, संगठनों और पुलिस की मदद से जमींदार के आदमियों पर किये गये अत्याचारों की खबर देने वाले होते है। निर्दोष युवतियों की इज्जत लूटी जाती है, रिश्वत में रुपये लिये जाते है कोई बड़ा मालगुजार है। किसी कारण पटरी न बैठी, लड गया। ताका जाने लगा। शाम उसकी लड़की तालाब के लिए निकली। अँधेरे में पकड़कर, खेत में ले जायी गयी या दूसरे मददगार के खाली कमरे में कैदकर रखी गयी।

दूसरे–दूसरे आदमी दाढ़ी लगाकर या मूँछे मुडवाकर चढ़ा दिये गये – ज्यादातर मुसलमानी चेहरे थे। उन्होंने कुकर्म किया। उसके फोटो लिये गये। तीन–चार रोज बाद लड़की घर के पास छोड़ दी गयी। नाम अण्ट–शण्ट लिख दिये गये – चढने वालों के, लडकी के बाप का सही नाम। गाँव और पुलिस की निगाह में दोनों गिर गये। गाँव का आदमी भी पुलिस का, उसके पास दूसरी तस्वीर पुलिस के पास दूसरी। बाप से पूछा जाने लगा। उस पर घड़ों पानी पड़ा। गाँव ने उसके यहाँ खान–पान छोड़ दिया।''[11]

निराला प्रान्तीयता के विरोधी तथा भारतीय–एकता के समर्थक थे। सन् 1934 में देश में प्रान्तीयता की भावना विशेषतः बंगालियों में–उभरती देखकर, निराला ने तीखी टिप्पणी की थी।– ''संसार में सर्वोच्च आदर्श है, अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव का। उसके बाद राष्ट्रीयभाव का स्थान आता है। पर प्रान्तीयता तो इतनी कलुषित वस्तु है कि उसकी जितनी निंदा की जाय, थोड़ी है। किन्तु दुर्भाग्यवश, भारत में प्रान्तीयता का बडा जोर है, और यदि वह भाव किसी प्रान्त में नहीं है, तो वह उतनी ही हानि उठाता जा रहा है। बंगाल की प्रान्तीयता का पुराना रोना है।

मद्रास तथा महाराष्ट्र की प्रान्तीयता भी हम खूब जानते है। पंजाब की प्रान्तीयता भी छिपी नहीं है। बम्बई में, गुजराती समाज में, युक्त प्रान्तवासी 'भैया' का कैसा हेय स्थान है। प्रान्त प्रेम बुरा नहीं है, प्रान्तीय तथा मातृभाषा पर गर्व होना भी स्वाभाविक है, पर प्रान्त के नाम पर, अन्य प्रान्त और फिर देश तथा पहले प्रान्तीय भाषा, फिर देश भाषा या राष्ट्रभाषा को स्थान देना अनुचित तथा निन्दनीय बात है और जो लोग ऐसा दुर्भाव पनपा रहे हैं, वे अपने ही पैर में कुल्हाड़ी मार रहे है।''

## सारांश

इस प्रकार निराला जी, युग–जीवन के यथार्थ–बोध ा के आधार पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने वाले युगदृष्टा विचारक एंव क्रान्तिकारी साहित्यकार थे। उन्होंने सामंती

व्यवस्था, हिन्दू–मुस्लिम एकता, भाषाकार प्रांतो आदि के संबंध में, अपना मौलिक राजनीतिक चिंतन प्रस्तुत किया है। तत्युगीन राजनीतिक प्रभाव का उनका यह चिंतन निष्पक्ष, स्वतंत्र यहाँ तक कि भविष्य दृष्टा बन गया है। क्योंकि उनके कथ्य भविष्य में अक्षरशः सत्य सिद्व हुये हैं। वर्तमान का बोध तथा भविष्य की सिद्धि उनके चिंतन की मुख्य विशेषता है।

SHODH SAMIKSHA AUR MULYANKAN

**संदर्भ ग्रंथ**


1 राष्ट्र का प्रश्न /निराला रचनावली/ छठा खण्ड/ पृष्ठ 296
2 राष्ट्र की युवक शुक्ति / निराला रचनावली / छठा खण्ड/ पृष्ठ 253
3 घोषण के मध्यान्ह/निराला रचनावली छठा खण्ड/ पृष्ठ 253
4 'सुधाः मासिक पत्रिका/ सितम्बर 1929/ सम्पादकीय टिप्पणी/पृष्ठ 1
5 निराला की साहित्य साधना/ द्वितीय खण्ड/ रामविलास शर्मा/ पृष्ठ 16–17
6 चोटी की पकड़/ निराला रचनावली/ चौथा खण्ड / पृष्ठ 132–33
7 चोटी की पकड़/ निराला रचनावली/ चौथा खण्ड / पृष्ठ 141
8 'सुधा' मासिक पत्रिका/नवम्बर 1929/ सम्पादकीय टिप्पणी/पृष्ठ 6
9 'सुधा' मासिक पत्रिका/नवम्बर 1932/ सम्पादकीय टिप्पणी/पृष्ठ 2
10 चोटी की पकड़/निराला रचनावली/चौथा खण्ड/पृष्ठ 151
11 बंगालियों की प्रांतीयता/निराला रचनावली/छठा खण्ड/पृष्ठ 297